Name- Roshni Kumari

ANSWER BOOK
उत्तर पुस्तिका

PAPER(2) - [PART-1]

Fill question number and subsection number inside the boxes
बॉक्स में प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करें

Date - 15/01/2021

1 a सहकारी संघवाद
सहकारी संघवाद अवधारणा के अन्तर्गत केन्द्र व राज्य के बीच टकराव की बजाय पारस्परिक सहयोग व सामजस्य के साथ सीमित संसाधनों का प्रयोग कर विकास की प्रक्रिया को तीव्र करता है

1(b) सीनेट
अमेरिका के उच्च सदन को सीनेट कहते है। जिसमें 100 सदस्य है। प्रत्येक राज्य से दो प्रतिनिधि लिये जाते है।

1(c) अनुच्छेद - 275
इसके अन्तर्गत ~~केन्द्र~~ संसद को यह अधिकार है कि राज्यों विधिक अनुदान दे। विधिक अनुदान वित्त आयोग की सिफारिश पर दिये जाते है ये राशि अलग अलग राज्यों के लिये अलग अलग हो सकती है

1 d परमादेश
सर्वोच्च न्यायालय ~~की~~ रिट द्वारा जारी की जाने वाली रिट ~~जिसमें~~ जो किसी सार्वजनिक प्राधिकारी के विरुद्ध उसके ~~के~~ '~~स्व~~' कृत्यों का निर्वहन न करने पर जारी की जाती है

1(e) आच्छादन का सिद्धांत
इस सिद्धांत के अनुसार संसद द्वारा निर्मित विधि जो मूल अधिकारो के संगत न हो, ~~तो~~ वह उस सीमा तक लागू नही होगी जहां तक वह मूल अधिकारों को प्रभावित करती है

Scanned by CamScanner

प्रत्यानुदान

1 F अनुदान जो सरकार को किसी आकस्मिक व्यय हेतु प्रदान किया जाता है इसे सरकार का ब्लैंक चेक भी कहते है

1 G लोकसभा में विपक्ष का नेता – जो 10% सीट प्राप्त करता है लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ दल के बाद जिस दल के सर्वाधिक सदस्य होते है वह विपक्ष के नेता के रूप में ~~नियुक्त~~ के एक सदस्य को नियुक्त करता है इसका संविधान में उल्लेख नही है

1 H केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण
संविधान के अनु० 323(क) के अन्तर्गत प्रावधान है
भाग-14 (क); केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण अधि० 1985 द्वारा गठित
केन्द्रीय सेवाएं, अखिल भारतीय सेवाओं के मध्य विवाद समाधान हेतु

1 I 97वाँ संविधान संशोधन
97 संविधान संशोधन अधि० 2011 द्वारा भाग-9ख जोड़ा जिसमें सहकारी समितियों के गठन का प्रावधान है

1 J सिविल अधिकार संरक्षण अधि० की धारा 15(A)

Leave Blank
Do not write beyond this line
Scanned by CamScanner

बॉक्स में प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करें

1 K राज्य मानवाधिकार आयोग

मानव अधिकार संरक्षण अधि० 1993 के तहत गठित। कार्यक्षेत्र – राज्य स्तर पर, बहुसदस्यीय निकाय, कार्यकाल – 5 वर्ष अथवा 70 वर्ष की आयु कार्य – मानवाधिकार उल्लंघन संबंधी मामलों की जांच करना।

1 C अनुच्छेद 335

अनुसूचित जातियों, जनजातियों व पिछड़े वर्गों के लिये विभिन्न सेवाओं में पदों पर आरक्षण का प्रावधान

1 M मतदाता फोटो पहचान पत्र

मतदाताओं (18 वर्ष से अधिक) को मत देने संबंधी पहचान पर फोटो का अंकन, ताकि निर्वाचन में फर्जी मतदान को रोका जा सके।

1 N गैर सरकारी संगठन

~~आपसी सहयोग से एक छोटे क्षेत्र में समान स्तर~~ ऐसे संस्थान जो पूर्ण रूप से स्वयत्त शासी, सरकारी नियंत्रण से मुक्त गैर लाभकारी संगठन होते हैं जिनका उद्देश्य समाज कल्याण, पर्यावरण संरक्षण ~~~~ ~~अथवा मानवाधिकता~~ था सार्वजनिक हित से

1 O संबद्ध होता है भारत में तीन प्रकार – परंपरागत NGO, सक्रियतावादी, व रिसर्च संस्थान NGO

Scanned by CamScanner

Fill question ... बॉक्स में प्रश्न क्रमांक तथा उपप्र...

2(O) राज्य महाधिवक्ता

~~राज्य~~

राज्य का ~~महाधिवक्ता~~ ~~के~~ महाधिवक्ता राज्य का सर्वोच्च विधि अधिकारी होता है। जो राज्य सरकार का कानूनी सलाहकार, व ~~सब~~ विभिन्न मामलों में राज्य की ओर से पैरवी करता है। नियुक्ति राज्यपाल द्वारा।

FAST ACADEMY
ज्ञानं ज्ञाने प्रतिष्ठितं

Scanned by CamScanner

Write question number and subsection number inside the boxes
बॉक्स में प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करें

2 A वित्तीय आपात पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये -
संविधान के अनु 360 के अन्तर्गत राष्ट्रपति द्वारा संपूर्ण राष्ट्र या उसके किसी भाग में वित्तीय स्थायित्व संबंधी खतरें की स्थिति में घोषित किया जाता है।

उद घोषणा के प्रभाव =>

(1) राष्ट्रपति केन्द्र-राज्य के मध्य राजस्व संबंधी प्रावधानों में परिवर्तन कर सकता है

(2) ~~सर्वोच्च~~ SC / उच्च न्यायालयों के न्यायधीशों, राज्य के अधीन अधिकारी कर्मचारी के वेतन भत्तों में कटौति कर सकता है।

(3) राज्य धन विधेयको को अपने पास सुरक्षित।

2 B CAG की निष्पक्षता को सुनिश्चित करने वाले प्रावधान
प्रमुख प्रावधान-

(1) निश्चित कार्यकाल (6 वर्ष), एवं कार्यकाल के दौरान वेतन भत्तों, सेवा शर्तों में परिवर्तन नहीं।

(2) CAG को उसी विधि से हटाया जा सकता है जिस विधि से सर्वोच्च न्यायालय को।

(3) सेवा निवृत्ति के पश्चात केन्द्र या राज्य सरकार के अधीन पुनर्नियुक्ति की पात्रता नहीं।

(4)

Scanned by CamScanner

Write question number and subsection number outside the boxes
बॉक्स में प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करें

2 (c) नागरिक चार्टर क्या है बेहतर बनाने के सुझाव दीजीए।

ऐसा दस्तावेज जो शिकायत निवारण तंत्र के साथ मानक सेवा वितरण, गुणवत्ता और समय सीमा के प्रति सार्वजनिक निकायों की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करता है।

नागरिक चार्टर बेहतर बनाने के सुझाव:
- चार्टर सरल भाषा में हो
- नागरिको / उपभोक्ताओं से विचार विमर्श
- अनुपालन सुनिश्चित न होने पर दण्ड का प्रावधान
- शिकायतों के समाधान हेतु उपयुक्त तंत्र बनाने की आवश्यकता है
- प्रत्येक लोक प्राधिकारी के दायित्वों व उनके द्वारा किये जाने कार्य की समयसीमा का प्रावधान हो

2 (d) स्व सहायता समूहों की विकासात्मक गतिविधि में भूमिका।

छोटे स्तर पर समान स्तर के लोगो द्वारा तथा समान समस्याओं के समाधान हेतु गठित गरीब वंचित लोगो का समूह – SHG

विकासात्मक गतिविधि में भूमिका –

(1) आर्थिक स्वावलंबन एवं आर्थिक रूप से गरीब, वंचितों को सशक्त किया।

(2) महाजनी तंत्र से छुटकारा, एवं महिला सशक्तीकरण

(3) सामाजिक समावेशन एवं क्रय शक्ति क्षमता भी

(4) आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिये त्वरित आवश्यकता पूर्ति एवं रोजगार साधनों का विकास

(5) बचत प्रवृत्ति व वचत संग्रहण में वृद्धि।

Scanned by CamScanner

प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करें

2 (ई) भारत सरकार अधि॰ 1935 के प्रमुख प्रावधान

(1) केन्द्र में द्वैध शासन — गवर्नर व कार्यकारणी को आरक्षित विषय तथा गवर्नर एवं मंत्रि परिषद् को हस्तांतरित विषय

(2) प्रांतों में उत्तरदायी शासन का विकास

(3) केन्द्र व कुछ प्रांतों में द्विसदनीय विधायिका का गठन जिसमें निर्वाचित सदस्यों की संख्या अधिक।

(4) संघीय न्यायालय का गठन

(5) संघीय बैंक का गठन का प्रावधान

(6) बंबई से अलग कर सिंध को नया प्रांत बनाया

(7) बर्मा को भारत से अलग किया।

2 (ज) संविधान संशोधन के संसद के अधिकार पर SC का नियंत्रण

संविधान के अनु॰ 368 के प्रावधानो में संशोधन कर संसद ने संविधान की संशोधन की असीमित शक्ति प्राप्त की परन्तु सर्वोच्च न्यायालय ने केशवानंद भारती मामला (24 अप्रैल 1973) में मूल ढांचे का सिद्धांत दिया जिसके अन्तर्गत संसद यदि मूल ढांचे को संशोधित करने का प्रयास करेगी तो सर्वोच्च न्यायालय उसे अवैध घोषित कर सकेगा।

संविधान के अनु॰ 32, 226 से प्राप्त न्यायिक पुनर्विलोकन की शक्ति ने ~~संसद~~ के तथा मूलढांचे की अवधारणा ने संसद की संशोधन करने की शक्ति को सीमित किया है

Scanned by CamScanner

question number and subsection number inside the boxes
बॉक्स में प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करें

2 (ज) भारत के संविधान में एकीकरण के तत्वों का उल्लेख करें

एकीकरण के तत्व —

(1) केन्द्र द्वारा राज्यपाल की नियुक्ति
(2) अवशिष्ट शक्तियां केन्द्र में निहित
(3) आपात उपबंध → राष्ट्रीय आपात, राष्ट्रपति शासन
(4) राज्य सूची के विषयों पर संसद द्वारा विधि बनाना
(5) राज्यों की सीमा, नाम परिवर्तन
(6) एकल नागरिकता
(7) एकीकृत लेखा जांच मशीनरी
(8) एकीकृत निर्वाचन व्यवस्था
(9) संविधान ~~का~~ का लचीलापन
(10) अखिल भारतीय सेवायें।

2 (ड) I लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के समक्ष प्रमुख चुनौतियों का वर्णन

लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ मीडिया के समक्ष प्रमुख चुनौतियां —

(1) मीडिया पूरी तरह व्यवसायिक हो गई अतः विश्वसनीयता का संकट उत्पन्न हुआ।
(2) राष्ट्रीय मुद्दों के प्रति असंवेदनशील,
(3) प्रमुख लक्ष्य जनता को जागरूक करना नहीं, अपितु TRP को बढ़ाना रह गया है
(4) स्टिंग ऑपरेशन के साथ निजता पर
(5) प्रहार एवं केवल आलोचना करना प्रमुख लक्ष्य
(6) किसी दल विशेष के प्रति झुकाव
(7) निष्पक्ष व तटस्थ पत्रकारिता का अभाव।

Scanned by CamScanner

अपने बॉक्स में प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करें ... question number inside the boxes

2 14 संविधान के बुनियादी ढांचे से आप क्या समझते हैं
संविधान के बुनियादी ढांचे की अवधारणा केशवानंद भारती मामले (1973) में दिया इसमें शामिल प्रमुख तत्व —
(1) संविधान की सर्वोच्चता
(2) लोकतांत्रिक व ~~गणतन्त्र~~ गणतान्त्रिक ढांचा
(3) धर्मनिरपेक्षता, लोक कल्याणकारी राज्य
(4) विधि का शासन, भारत की संप्रभुता
(5) राष्ट्र की एकता व अखण्डता
(6) न्यायिक पुनर्विलोकन
(7) संविधान संशोधन की संसद की सीमित शक्ति
(8) सामाजिक, आर्थिक न्याय

2 15 लोकसभा अध्यक्ष पर टिप्पणी लिखिए
संसद के सदस्यों में से ~~[illegible]~~ बहुमत के आधार पर चुना जाता है। ~~[illegible]~~
कार्य — (1) सदन की कार्यवाही नियंत्रण करना
(2) कार्य संचालन, नियम समिति व सामान्य प्रयोजन समिति की अध्यक्षता।
(3) संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करना।
(4) लोक सभा बैठकों की तिथि निर्धारित करना
(5) सदन में किसे बोलना है यह निर्धारित करना
(6) धन विधेयक का निर्धारण
(7) दल बदल निरर्हता संबंधी सदस्यों की अंतिम विनिश्चय करना।

Scanned by CamScanner

बॉक्स में प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करें

9 (1) अध्यक्षीय व संसदीय शासन प्रणाली में तुलनात्मक बिन्दु —

अध्यक्षीय शासन	संसदीय शासन
(1.) राष्ट्रपति राज्य का वास्तविक व कार्यकारी प्रमुख होता है	(1.) राष्ट्रपति नाम मात्र का प्रमुख होता
(2.) शासन की शक्ति राष्ट्रपति में केन्द्रित होती है	(2.) शासन संचालन का केन्द्र प्रधानमंत्री होता है
(3.) राष्ट्रपति अपने द्वारा नियुक्त केबीनेट के सचिवों द्वारा शासन करता है	(3.) प्रधानमंत्री अपनी मंत्रीमंडल के माध्यम से शासन करता है
(4.) राष्ट्रपति ~~स्वतंत्र रूप~~ किसी सदन का सदस्य नहीं होता	प्रधानमंत्री संसद के किसी एक सदन का सदस्य होना आवश्यक है
(5.) राष्ट्रपति का चुनाव निर्वाचक मंडल द्वारा प्रत्यक्ष रूप से होता है	राष्ट्रपति का निर्वाचन अप्रत्यक्ष रूप से संसद राज्य विधानमंडल के निर्वाचित सदस्यों द्वारा चुनाव

FAST ACADEMY

Scanned by CamScanner

(6) शक्तियों के पृथक्करण का सिद्धांत लागू होता है जहां कार्यपालिका, न्यायपालिका, विधायिका एक दूसरे से स्वतंत्र होती है

(6) कार्यपालिका विधायिका के अंदर से निर्मित होती है



(7) राष्ट्रपति के महाभियोग या पदत्याग के बाद उपराष्ट्रपति शेष समय के लिये राष्ट्रपति बनता है

(8) राष्ट्रपति की पदच्युति के बाद उपराष्ट्रपति केवल 6 माह तक सिर्फ कार्यवाहक राष्ट्रपति पद संभालता है

FST ACADEMY
ज्ञानं ज्ञाने प्रतिष्ठितं

Scanned by CamScanner

उत्तर में प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करें

3 (2) निर्वाचन आयोग के कार्यों का वर्णन —

संविधान के अनु. 324 के अन्तर्गत निर्वाचन आयोग के गठन का प्रावधान है

संरचना — एक मुख्य निर्वाचन आयुक्त
दो अन्य निर्वाचन आयुक्त

नियुक्ति — राष्ट्रपति द्वारा
कार्यकाल — 6 वर्ष 65 वर्ष

निर्वाचन आयोग के प्रमुख कार्य —

(1) राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, राज्य विधान मण्डल के संसद के चुनावों में विवादों में ~~प्रशासनिक~~ सलाहकारिता ~~एवं सम्ब~~ न्यायिक

(2) ~~सम~~ संसद, राज्य विधान मंडल, राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति के निर्वाचन करवाना।

(3) मतदाता सूची तैयार करना, पुनरीक्षण एवं नवीनीकरण करना

(4) राजनीतिक दलों के साथ मिलकर आदर्श आचार संहिता का निर्माण करना।

Leave Blank
Do not write beyond this line
Scanned by CamScanner

(5) निर्वाचन की तिथि, नामांकन तिथि, चुनावी परिणामों की घोषणा, मत गणना करना।

(6) ~~स्वतंत्र~~ व स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव आयोजित करना।

(7) राज्यों में प्रादेशिक चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति तथा निर्वाचन के हेतु अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति करना।

(8) राजनीतिक दलों का पंजीकरण करना। एवं अन्य चुनाव चिन्ह आवंटित करना।

(9) राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय राजनीतिक दल व क्षेत्रीय राजनीतिक दलों को दर्जा देना।

(10) चुनावी व प्रशासनिक मशीनरी हेतु राज्य/केन्द्र सरकार से अनुमोदित करना।

(11) मीडिया का विनियमन करना।

(12) राजनीतिक दलों द्वारा आचार संहिता के उल्लंघन पर दण्डित करना।

Scanned by CamScanner

(13) लोकसभा को चुनाव सुधार संबंधी सिफारिश करना।

(14) इस प्रकार चुनाव आयोग संसद व राज्य विधान मंडल के स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव हेतु प्रमुख रूप से जिम्मेदार संस्था है जो लोकतंत्र के निर्धारण हेतु प्रमुख संस्था है।

FAST ACADEMY
ज्ञानं ज्ञानेन सिद्ध्यते

Scanned by CamScanner

3(c) नीति निदेशक तत्वों की विशेष बातों के साथ प्रमुख नीति निदेशक तत्वों का उल्लेख

नीति निदेशक तत्वों का प्रावधान संविधान के भाग 4 के अनु 36 से अनु 51 तक है।

नीति निदेशक तत्वों की विशेषताएं :-

(1) नीति निदेशक तत्व न्यायालय में अप्रवर्तनीय होते हुये भी मूलभूत महत्व के है।

(2) मूल अधिकारों के पूरक है।

(3) सामाजिक आर्थिक लोकतंत्र को सुनिश्चित करते है।

(4) बिना आर्थिक, सामाजिक अधिकारों के राजनीतिक अधिकारों का कोई महत्व नहीं है।

(5) राज्यों के कर्तव्यों को निर्धारित करते है।

(6) ये सकारात्मक प्रवृत्ति के है।

(7) सामाजिक आर्थिक न्याय की अवधारणा सुनिश्चित करते है।

(8)

प्रमुख नीति निर्देशक तत्व —

(1) अनु० 38 — राज्य सामाजिक व्यवस्था बनायेगा जहाँ सामाजिक आर्थिक समानता सुनिश्चित हो सके।

अनु० 38 — आय सुविधा तथा अवसर की समानता प्रदान करेगा।

अनु 39 (क) पुरुषों व स्त्रियों को समान अधिकार
(क) आजीविका के समान अवसर
(ख) समान कार्य के लिये समान वेतन
(ग) भौतिक संसाधनों का समान रूप से वितरण
(घ) धन को विकेन्द्रीकरण को रोकना।

अनु० 40 — पंचायतों का गठन
अनु० 39क — निशुल्क विधिक सहायता प्रदान करना ताकि गरीबों वंचितों की न्याय तक समान पहुँच हो।
अनु० 42 — काम की मानवोचित दशायें एवं गर्भवती स्त्रियों को प्रसूति अवकाश।

Scanned by CamScanner

बॉक्स में प्रश्न क्रमांक तथा उपक्रमांक अंकित करें

अनु० 43 – उद्योग क्षेत्र के कर्मकारों को शिष्ट जीवन स्तर, अवकाश आदि की सुविधा प्रदान करना

अनु 43 क सहकारी समितियों की स्थापना

अनु 44 – समान नागरिक संहिता लागू करना।

अनु 45 – 0-6 वर्ष तक के बच्चों को लिये शिक्षा हेतु उपाय करना।

अनु० 47 – नागरिकों को पोषण तथा स्तर सुनिश्चित करना एवं नशीली दवाओं/ वस्तुओं के प्रयोग को कम करना।

अनु० 48 – पशुओं की नस्ल सुधार

अनु 49 राष्ट्रीय स्मारकों, वस्तुओं, स्थानों की सुरक्षा करना

अनु 50 – न्यायपालिका के कार्यों से कार्यपालिका का पृथककरण

अनु० 51 – अन्तर्राष्ट्रीय शांति व्यवस्था बनाये रखना।

FAST ACADEMY

Scanned by CamScanner